तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 अजगरबहार तहसील मुख्यालय में बनेंगे विभागों के सरकारी आवास




## खबर संक्षेप

### कृषि सम्मेलन का आयोजन 15 को

**कोरबा।** ग्राम देवपहरी के डीड़ासरई सामुदायिक मंच पर कृषि सम्मेलन का 15 सितंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें कृषि विभाग के वैज्ञानिक एवं अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा वर्तमान में लगे हुए फसलों पर लगने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारी एवं कीट व्याधि पर नियंत्रण हेतु क्या निदान करें उसके लिये दवा एवं आवश्यक कृषि कार्य तथा नए-नए विभागीय योजना के बारे में जानकारी दिया जाएगा। जिसमें एग्री स्टेक में किसानों का पंजीकरण, पीएम किसान योजना, धान खरीदी हेतु नवीन पंजीयन के संबंध में एवं सभी प्रकार फसलों का विस्तार पूर्वक किसानों से सवाल जवाब कर जानकारी दिया जाएगा।

### दीपका क्लब में डिप्लोमा अभियंता संघ का हुआ कार्यक्रम

**दीपका।** प्रगति नगर दीपका में अभियंता संघ व डिप्लोमा अभियंता संघ का संयुक्त कार्यक्रम आफिसर क्लब दीपका प्रगति नगर में रखा गया है। जिसमें जिले के एन टी पी सी, पीडब्ल्यूडी, जलसंसाधन, सीएसईबी एसईसीएल व अन्य कार्पोरेट अभियंता शामिल होंगें। डिप्लोमा अभियंता संघ एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के अध्यक्ष व मुख्यालय सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से आफिसर क्लब दीपका में मनाते आ रहें हैं और मुख्यालय बिलासपुर क्षेत्रों के अंतर्गत चिरमीरी, हसदेव, कोरिया बैकुंठपुर आदि क्षेत्रों के लोग शामिल होते हैं। कार्यक्रम के सचिव संजय राठौर ने सभी इंजीनियर व नागरिक से 15 सितंबर को शायं 6 बजे शामिल होने हेतु अपील की हैं साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।

## अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल पुलिस को दी सूचना

# प्रसूता के नाबालिग होने के संदेह पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंची युवती को प्रसव पीड़ा होने पर ऑपरेशन के दौरान जब चिकित्सकों को उसके नाबालिग होने का संदेह हुआ तो अस्पताल प्रबंधन ने पहले युवती के परिजनों से उसके उम्र को लेकर वैध दस्तावेजों की मांग की। परिजनों द्वारा उम्र को लेकर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर संदेह होने से अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में अशोक नामक व्यक्ति के खिलाफ बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम और बलात्कार के जुर्म में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस द्वारा अब प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक टीपी नगर क्षेत्र में संचालित डीके हॉस्पिटल में 10 सितंबर की दरमियानी रात एक युवती को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल लाया गया। इस दौरान युवती के परिजनों द्वारा दिए गए मेडिकल जांच रिपोर्टों में युवती की उम्र 18 वर्ष लिखा था। रात के समय युवती की गंभीर हालत को देखते हुए इमरजेंसी में उसे भर्ती किया गया। जिसके बाद अगले दिन चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए युवती का सिजेरियन ऑपरेशन किया और उसने एक स्वस्थ लड़की को जन्म दिया। ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक को इस बात का आभास हुआ की लड़की की उम्र अभी 18 साल नहीं हुई है। संदेह होने पर जब युवती के साथ आए कथित परिजन से युवती का आधार कार्ड मांगा गया तो उन्होंने नहीं होने की बात कही। मामला सन्देहास्पद होने पर इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र में इसकी सूचना दी। पुलिस ने प्रकरण से अपने शीर्ष अधिकारियों को अवगत कराते हुए जांच को आगे बढ़ाया। सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र, थाना सिविल लाइन और घटनास्थल सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का एरिया आने के कारण सीएसईबी पुलिस ने शून्य पर मामला दर्ज कर नंबरी के लिए सिटी कोतवाली भेजा। प्रारंभिक पड़ताल और बयानों के आधार पर अंततः कोतवाली पुलिस ने अशोक नामक व्यक्ति के विरुद्ध बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम और बलात्कार के जुर्म में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। हालांकि प्रकरण को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आ रही हैं और प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश लड़की के साथ रहने वालों के द्वारा किया जाता रहा। हालांकि पुलिस ने आखिरकार सच बाहर निकाल ही लिया और आरोपी अशोक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। प्रकरण में जांच के आधार पर और भी आरोपी बनाए जा सकते हैं। फिलहाल पुलिस की तथ्यात्मक जांच ने तरह-तरह की चली आ रही आशंकाओं, कुशंकाओं और चर्चाओं पर विराम लगाया है।

### खास बात

- ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक को पीड़ित के बालिग नहीं होने पर हुआ संदेह

### रिश्तेदार ने ही पीड़िता को बनाया शिकार

सूत्रों ने बताया कि उक्त पीड़िता किसी और की नहीं बल्कि अपने ही रिश्तेदार का शिकार हुई है। पीड़िता के पिता का देहांत हो चुका है और उसकी मां है जो मूलतः बिहार की रहने वाली है। पीड़िता को लगभग 7-8 साल की उम्र से देखरेख व पालन पोषण के लिए अपने साथ लेकर आरोपी अशोक अपनी पत्नी संग रह रहा है। पिछले करीब 4 साल से उसकी दूसरी पत्नी से भी कोई संतान नहीं होने के कारण संतान की चाह में नियत खराब हो गई और रिश्तों को ताक पर रखते हुए भावनाओं में बहकर कर पीड़िता के साथ संबंध बनाया, जिससे वह गर्भवती हो गई।

### संदेह होने पर पुलिस में दी गई सूचना

जब गर्भवती युवती को अस्पताल लाया गया उस दौरान उनके परिजनों ने उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक बताई। उनके द्वारा दिए गए सोनोग्राफी एवं अन्य जांच रिपोर्ट में भी उम्र 18 वर्ष लिया था। भर्ती के बाद जब प्रसव के लिए युवती का ऑपरेशन किया गया, इस दौरान चिकित्सकों को संदेह हुआ कि उसकी उम्र 18 वर्ष नहीं है और वह नाबालिग हो सकती है, जिसके बाद परिजनों से उसकी उम्र को लेकर वैध दस्तावेज की मांग की गई। जिस पर परिजनों द्वारा उम्र से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिया गया। संदेह होने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित पुलिस चौकी को दी गई।

-**डॉ.डीके श्रीवास्तव,** संचालक, डीके हॉस्पिटल

### सही उम्र जानने कराया जाएगा बोनमेरो टेस्ट

सूत्रों की मानें तो पीड़िता की उम्र को लेकर कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिल सका है। उसका आधार कार्ड मांगे जाने पर परिजन द्वारा ना तो अस्पताल में दिखाया जा सका और न ही पुलिस को दिया जा सका है। ऐसे में पीड़िता की उम्र वास्तव में कितनी है इसकी पुष्टि करने के लिए बोन मैरो टेस्ट कराया जाएगा। साथ ही जिस बच्ची को उसने जन्म दिया है उसका पिता कौन है, इसकी पड़ताल के लिए डीएनए टेस्ट भी कराए जाने की बात कही जा रही है।

# जिला जेल से फरार चौथा आरोपी हाटी से गिफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी।

जिला जेल से दीवार फांदकर पुलिस को चकमा देकर फरार होने वाले चौथे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जेल ब्रेक की घटना के बाद लगातार चल रही सघन तलाशी और ऑपरेशन के तहत पुलिस ने शनिवार को हाटी के जंगल से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चंदशेखर राठिया के रूप में हुई है।

उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त को जिला जेल से चार आरोपी दीवार फांदकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन चौथा आरोपी चंद्रशेखर राठिया फरार होने में सफल रहा था। चन्द्रशेखर को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार जंगल और आसपास के इलाकों में सर्चिंग कर रही थीं। आखिरकार इस अभियान में सफलता मिली और अब सभी चारों फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी चंदशेखर राठिया पिछले कुछ दिनों से हाटी के जंगल में छिपा हुआ था। जैसे ही पुलिस को मुखबिर से चन्द्रशेखकर के लोकेशन की जानकारी मिली, पुलिस की टीम ने दबिश देकर चन्द्रशेखर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक अभिवकांत सिंह, एएसआई अजय सिंह, आरक्षक सुजीत कुरी, अनिल साहू और हरीश मरावी की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कामयाबी लगातार की गई मेहनत, टीम वर्क और सघन खोजबीन का नतीजा है। इस कार्रवाई से न केवल पुलिस का मनोबल बढ़ा है, बल्कि आम जनता का भरोसा भी सुरक्षा व्यवस्था पर और मजबूत हुआ है। यहां बताना होगा कि 2 अगस्त को प्रार्थी दिलीप कुमार साहू निवासी जेल कॉलोनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि जिला जेल कोरबा में विचाराधीन बंदी राजा कंवर उम्र 22 वर्ष पिता टीकाराम कंबर निवासी भुलसीडीह, दशरथ सिदार उम्र 19 पिता प्रताप सिंह सिदार निवासी पोडीबहार, सरना सिंकू उम्र 26 पिता शंकर सिंकू निवासी लालघाट बालकोनगर, चंद्रशेखर राठिया उम्र 20 वर्ष पिता सूरज प्रसाद राठिया निवासी कमतरा रायगढ़ जिला जेल में निरुद्ध थे। 2 अगस्त को जेल के अंदर गौशाला के बगल जेल के दीवाल को फांदकर फरार हो गए थे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 262 के तहत अपराध कायम कर विवेचना शुरू कर दी थी। जेल से फरार आरोपियों की लगातार पुलिस की टीम बनाकर अलग अलग क्षेत्रों में तलाश की जा रही थी।



पुलिस गिरफ्त में फरार आरोपी चन्द्रशेखर।

### खास बातें

- जेल ब्रेक करने वाले तीन आरोपियों को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार
- बनारस से वापस लौट रहा था फरार चौथा आरोपी चंद्रशेखर

### ट्रकों से लिफ्ट लेकर चला गया था बनारस

उल्लेखनीय है कि जेल से फरार आरोपी सरना सिंकू ओर राजा कंवर पहले ही पुलिस की टीम ने रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद एक और फरार आरोपी दशरथ सिदार को भी पुलिस की टीम ने कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था। मामले में फरार बंदी चंद्रशेखर राठिया जेल ब्रेक के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसे मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी बालकोनगर निरीक्षक अभिनाव कांत एवं उसकी टीम द्वारा ने हाटी रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार बंदी से पूछताछ करने पर बताया कि हाटी धरमजयगढ़ रोड में चलने वाली ट्रक को रोकवाकर अलग अलग ट्रकों में बैठकर बनारस चला गया था। जिसके बाद 13 सितंबर को घर जाने के लिए हाटी पहुंचा था।




## खबर संक्षेप

### सिम्स में मिला नवजात शिशु चाइल्ड लाइन के सुपुर्द



बिलासपुर। सिम्स में अज्ञात नवजात शिशु मिला। सिम्स प्रबंधन उपचार और देखभाल के बाद नवजात को चाइल्ड लाइन को सौंपा दिया है। सिम्स के महिला एवं प्रसूति विभाग 15 अगस्त को भरनी परसदा निवासी 20 वर्षीय कविता पति ओमप्रकाश को प्रसव के लिए भर्ती किया गया। युवती ने पुत्र को जन्म दिया, 16 अगस्त को प्रसूता को छुट्टी दे दी गई। परिजन 24 अगस्त तक शिशु को देखने आते रहे, लेकिन इसके बाद परिजन नहीं आए, सिम्स में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, गलत नंबर होने से रिस्पांस नहीं मिला। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश नाहरेल, डॉ. समीर कुमार जैन, डॉ. सलीम खलखो, डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, डॉ. जायकिशोर तथा सिस्टर इंचार्ज विभा श्रीवास, सरोजिनी, कमलेश, मीरा देवांगन और आया भावना सिदार द्वारा उसकी देखभाल की गई। संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के आदेशानुसार 11 सितम्बर से शिशु के पुनर्वास हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। शनिवार को औपचारिक रूप से शिशु को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्प लाइन प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, सुपरवाइजर आस्था सिंह व चंद्रप्रकाश श्रीवास तथा समाजिक कार्यकर्ता विकास साहू उपस्थित रहे। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि नवजात को समुचित उपचार और सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। शिशु को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी, 17 हजार जब्त

**बिलासपुर**। पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर 17 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार करने के बाद थाने से मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है। शुक्रवार की रात तोरवा टीआई अभस सिंह बैस को सूचना मिली हेमूनगर नारायणी टावर के पास जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी करते हुए कमल पंजवानी छाबड़ा पैलेष, निर्मल वस्त्रकार पावर हाउस बनर्जीगली, शिवकरण नयापारा, भूपेन्द्र शर्मा हेतूनगर, उमेश श्यामदेसानी हेमूनगर निवासी को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी दूर से पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 17 हजार 400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

### घर में बैठा था जिला बदर का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। जिला बदर की कार्रवाई के बाद भी शहर में घूम रहे आदतन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक साल के लिए जिले से बाहर किया गया आरोपी अपने घर में बैठा था और खुले आम घूम रहा था। मणिपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सांडबार निवासी 44 वर्षीय इन्दर सोनवानी आ. राम प्रसाद सोनवानी को कलेक्टर सरगुजा व जिला दंडाधिकारी ने 20 फरवरी 2025 से एक साल के जिला बदर किया था। इस दौरान 12 सितम्बर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की निगरानी बदमाश और जिला बदर इन्दर सोनवानी अपने घर सांडबार हरिजन पारा में मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर इन्दर सोनवानी को हिरासत में लिया। जिला बदर के आदेश की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 170/126,135(3) तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर अश्वनी सिंह, सउनि अनिल पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, पवन यादव सक्रिय रहे।

सिम्स में दिन भर रही गहमागहमी, मचाया हंगामा

# सिम्स लाते समय हार्टअटैक से मौत पुलिस व डॉक्टर पीएम के लिए अड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हार्टअटैक से 55 वर्षीय व्यक्ति की अचानक मौत हो गई, तबियत खराब होने पर परिजनों के द्वारा उन्हें सिम्स लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

सिम्स के डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर शव पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया। जिसके बाद सिम्स में मरीज के परिजन ने खूब हंगामा मचाया, खास बता यह है कि पुलिस और सिम्स के डाक्टरों के बीच परिजन 4 से 5 घंटे तक भटकते रहे। डाक्टर और पुलिसिया कार्यप्रणाली से कई बार आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसका उदाहरण शनिवार को देखने मिला। चांटीडीह निवासी संतोष चौहान को पिछले कुछ दिनों से शरीरिक तकलीफ थी, उन्होंने डाक्टर से इलाज भी कराया लेकिन शनिवार को तबीयत ठीक नहीं होने पर बेटे व परिजन को लेकर सिम्स आ रहे थे, इसी दौरान आटो में उनकी मौत हो गई। डाक्टरों ने उनके बेटे को कहा कि शव का पीएम कराना होगा, इससे परिजन हड़बड़ा गए। इस दौरान डाक्टरों ने पुलिस चौकी को मेमो भेज दिया और शव को मरच्यूरी में रख दिया गया। डाक्टरों ने परिजनों को सरकंडा थाना भेज दिया गया, जिसके बाद परिजनों का सब्र का बांध टूट गया और सिम्स में हंगामा मचना शुरू हो गया। करीब दोपहर 3 बजे तक परिजन पीएम नहीं कराने पर अड़े रहे लेकिन पुलिस और डाक्टरों ने जबरिया पीएम कराया, जिससे परिजन काफी आहत हुए।



मृतक।



सिम्स में जमकर हंगामा करते परिजन।।

# मंत्री राजवाड़े ने विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को जिले के प्रवास पर रहीं। उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अजीरमा स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम परिसर में एमरजेंसी लाइट की व्यवस्था करने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा वृद्धजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वास्थ्य जांच एवं समय पर उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने होलीक्रॉस आशा निकुंज विशेष विद्यालय का निरीक्षण किया। मंत्री ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता, आवासीय व्यवस्थाओं, ऑडियोमैट्री कक्ष, अध्ययन कक्षों एवं शयनकक्ष का निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत कर उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े दर्रीपारा स्थित बालिका बालगृह पहुंचीं। उन्होंने बच्चियों से मिलकर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भोजनकक्ष, शयनकक्ष, मनोरंजन कक्ष, स्टाफरूम एवं भंडार कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों को बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने और संस्थान में आने-जाने वालों की अनिवार्य एंट्री दर्ज करने के निर्देश दिए। मंत्री ने परिसर में संचालित शक्ति सदन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने श्रवणबधिर तीन बालिकाओं को आशा निकुंज विशेष विद्यालय में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नारी निकेतन का निरीक्षण कर वहां रह रही महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को शयनकक्ष व शौचालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### ली विभागीय समीक्षा बैठक

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने संभाग के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने बालक-बालिका गृह, आंगनबाड़ी केंद्रों, विशेष विद्यालयों और समाज कल्याण से संबंधित संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर भी विशेष जोर देते हुए पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नैनो उर्वरक के प्रति किसानों को किया गया जागरूक

**सीतापुर**। इफको, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त अभियान के तहत किसानों को नैनो उर्वरक के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक इफको सुधीर सक्सेना ने नैनो उर्वरक के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसान से बचाव एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए नैनो उर्वरक का अविष्कार किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. राजेश चौकसे ने बताया की इस स्वदेशी तकनीक उर्वरक जिसे एफसीओ में शामिल किया गया है को भारत सरकार के कई कसौटियों में परखा गया है। नैनो उर्वरक की खरीदी पर किसानों का 10 हजार रुपए का दुर्घटना बीमा किया जाता है।अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिता एक्का ने बताया कि यूरिया एवं अन्य उर्वरकों में अनुदान की वजह से सरकार को भारी बजट का प्रावधान करना पड़ता है।

## लंबित मांगों को लेकर बीएमएस ने किया धरना प्रदर्शन

**बिश्रामपुर**। कोयला उद्योग के संरक्षण और ठेका कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर बीकेकेएमएस -बीएमएस यूनियन ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है,गौरतलब है कि गत दिनों क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने बीकेकेएमएस- बीएमएस यूनियन पदाधिकारियों और कई श्रमिकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया,धरना स्थल पर ठेका कर्मियों व कोल कर्मियों ने हाथों में बैनर व झंडा लेकर पहुंच अपनी मांगों को रखा,यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग को बचाना सिर्फ उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ठेका कर्मियों के अधिकार और भविष्य भी सुरक्षित करना शामिल है,इस दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि ठेका कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन,नियमितीकरण,सुरक्षा उपकरण,पीएफ-ईएसआई जैसी मूलभूत सुविधाएं और स्थायी कर्मियों की तरह लाभ दिलाना आवश्यक है,जब तक ठेका कर्मियों के साथ न्याय नहीं होगा,तब तक कोलफील्ड्स का उत्पादन संतुलित नहीं रह सकता है,धरना प्रदर्शन के अंत में यूनियन प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को कोयला मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा,ज्ञात हो कि हाल के वर्षों में कोयला उद्योग पर निजीकरण और आउटसोर्सिंग का दबाव लगातार बढ़ा है,जिससे स्थाई और ठेका दोनों ही कर्मियों में असंतोष देखा जा रहा है,यही कारण है कि श्रमिक यूनियन अब न सिर्फ मजदूरों की मांगों के लिए, बल्कि पूरे उद्योग को बचाने की लड़ाई के नारे के साथ सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रही है।



### राज्य कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**बिश्रामपुर**। राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण तिवारी तथा प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक के निर्देशानुसार संभागीय अध्यक्ष श्रीमान मो.सऊद मोहम्मद अंसारी के अनुशंसा पर संगठन जिला अध्यक्ष बिश्रामपुर निवासी निर्मल भट्टाचार्य के द्वारा राज्य कर्मचारी संघ सूरजपुर संगठन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है, इसमें श्रीमती संगीता नंदी पदनाम व्याख्याता (अंग्रेजी) सेजस बिश्रामपुर को संगठन का महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बनाया गया,साथ ही सुनील सिंह पदनाम व्याख्याता (वाणिज्य) स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर को ब्लॉक अध्यक्ष एवं दीपक कुमार वर्मा पदनाम सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला मुहारीडांड़ केशवनगर को ब्लॉक सचिव के पद पर नियुक्तियां करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।



## विद्यालय की छुट्टी होने के पूर्व नदारद हो जाते हैं शिक्षक

**शंकरगढ़**। स्कूल में छुट्टी होने का इंतजार अक्सर बच्चे करते है लेकिन ग्राम पंचायत दोहना में ठीक इसके विपरीत है। यहां बच्चे नहीं बल्कि शिक्षक को छुट्टी होने का इंतजार रहता है। ऐसे में कुछ देरी हुई तो शिक्षक छुट्टी होने से पूर्व ही नदारद हो जाते है। आज पुनः शिक्षक विद्यालय की छुट्टी होने से पूर्व ही नदारद हो गए।

विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत दोहना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला उरांव दोहना में एक शिक्षक स्कूल छुट्टी होने से पहले ही घर रवाना हो गए। शनिवार को स्कूल संचालन का समय प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक का है लेकिन स्कूल की छुट्टी होने से पहले ही शिक्षक देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा 10 बजे ही घर के लिए रवाना हो गए। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों की मिलीभगत से यह खेल लंबे समय से चल रहा है। क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में शिक्षक रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्शा कर इधर-उधर घूमने चले जाते हैं या छुट्टी होने से पहले ही घर के लिए रवाना हो जाते हैं। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई है और शिक्षक ही बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने लगे है। इधर प्रधान पाठक कलामुल्ला अंसारी भी गोल मोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते है।




स्कूल में खेलते बच्चे।

### कराई जाएगी जांच

स्कूल से शिक्षक छुट्टी होने से पहले घर चले जाते है तो गलत है। इस संबंध में जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर शिक्षक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-जय गोविंद तिवारी
विकासखंड शिक्षा अधिकारी

## खदान के वे-ब्रिज लोडसेल में इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर नाप तौल में छेड़छाड़ का प्रयास, पुलिस में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्क्रैप उठाव टेंडर में अंबिकापुर के फर्म संचालक व कर्मियों ने किया फर्जीवाड़ा करने का प्रयास

अंबिकापुर निवासी कबाड़ कारोबारी द्वारा खदान से निकले स्क्रैप नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद उठाव के दौरान गड़बड़ी करने की नीयत से खदान के वे- ब्रिज के लोडसेल में इलेक्ट्रॉनिक चिप डिवाइस लगाकर कंट्रोल व गड़बड़ी किए जाने का गम्भीर मामला खदान कर्मियों की सतर्कता से पकड़ में आया है।

बताया गया कि कबाड़ी के कर्मचारी इस नाप तौल में फर्जीवाड़े व गड़बड़ी करने के कार्य को बेहद शातिर तरीके से अंजाम देने की फिराक में थे,तभी खदान कर्मियों को गड़बड़ी का अंदेशा हुआ जिसके बाद बारिकी से सीसीटी फूटेज की जांच की गई तो गड़बड़ी उजागर हुई। प्रबंधन ने बिश्रामपुर पुलिस को लिखित आवेदन देकर कबाड़ कारोबारी व उसके स्टॉफ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने हेतु शिकायत आवेदन दिया है।

### बलरामपुर 10-12 खदान से स्क्रैप उठाव हेतु जारी हुआ था टेंडर

गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर के बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से कोयला उत्पादन में लगे मशीनी उपकरणों से निकले स्क्रैप की नीलामी पिछले दिनों कंपनी मुख्यालय द्वारा की गई थी।ऑनलाइन प्रक्रिया से हुए इस नीलामी में अंबिकापुर के मेसर्स रॉयल स्टील को स्क्रैप उठाने का सेल्स आर्डर दिनांक 24 जुलाई 2025 सौंपा गया था,इसी आदेश के बाद शुक्रवार 12 सितंबर 2025 को संबंधित पार्टी मेसर्स रॉयल स्टील के मालिक और उसके कर्मचारी अपने दो ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 2372 एवं सीजी 15 ईसी 9886 एवं एक क्रेन क्रमांक सीजी 15 ईए 4524 के साथ स्क्रैप उठाने के लिए बलरामपुर खदान पहुंचे थे,यहां पर तीनों वाहनों के कागजात की जांच के बाद गाड़ी को खदान की बॉउंड्री में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।बताया गया कि स्क्रैप लोड करने से पूर्व खाली गाड़ियों की तौल की जानी थी,इसी दौरान स्क्रैप उठाव करने पहुंचे कबाड़ कारोबारी के दो कर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चिप को वे- ब्रिज में लगे लोड सेल में तार जोड़ कर रिमोट से वे- ब्रिज के संचालन का प्रयास किया जाने लगा।इसी दौरान खदान के अधिकारी व बाबू को वाहनों के तौल के दौरान शंका होने पर उन्होंने वे- ब्रिज में लगे सीसी टीवी फुटेज को बारीकी से देखा तो पता चला कि दो युवक नाप तौल वे- ब्रिज के नीचे घुसकर लोडसेल में चिप लगा करकर वजन नापने मशीन के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया।घटना की सूचना खदान के बाबू और अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को दी जिसके बाद खदान में खलबली की स्थिति बन गई,बाद में क्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कबाड़ कारोबारी की करतूत देखी।मामला उजागर होने के बाद खदान प्रबंधन ने बिश्रामपुर पुलिस को लिखित में शिकायत आवेदन देकर पूरे मामले से अवगत कराया है।पुलिस कबाड़ कारोबारी अंबिकापुर निवासी बाबर को थाना तलब कर आवश्यक पूछताछ कर रही है।

### फर्म को ब्लैक लिस्ट करने मुख्यालय भेजा गया प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार उक्त फर्म द्वारा किए गए गंभीर धोखाधड़ी के प्रयास से कंपनी मुख्यालय को अवगत कराकर इस फर्म सहित इस फर्म से जुड़े लोगों को एसईसीएल के साथ भविष्य में किसी प्रकार के व्यवसाय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्ताव भेजकर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय क्षेत्रीय प्रबंधन ने लिया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने भी इस गड़बड़ी को गंभीर अपराध बताते हुए फर्म को ब्लैक लिस्ट करते हुए सम्बंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा मुख्यालय से की है।

अनियमितता उजागर, विजय ट्रेडिंग कम्पनी का लाइसेंस निलंबित

# यूरिया की कालाबाजारी पर सील की गई दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में व्यवसायी यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी कर रहे है। आलम यह है कि संचालक नियमों को ताक में रखकर मोटी कमाई के लिए दो से तीन गुने कीमत पर यूरिया बेच रहे है।

इस बात का खुलासा होने के बाद कृषि विभाग ने पहली बार जिले में कार्रवाई करते हुए एक दुकान के लाइसेंस को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही गोदाम को सील कर यूरिया को जब्त किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन में यूरिया की किल्लत जारी है। समितियों में समय पर यूरिया की सप्लाई नहीं की जा सकी जबकि निजी दुकानों में नियमित रूप से यूरिया की सप्लाई होती रही और इसी का फायदा उठाकर दुकान संचालक किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए 266 रुपए का यूरिया तीन से चार गुना अधिक कीमतों पर बिक्री की गई। अब कहीं जाकर कुछ समितियों में यूरिया सप्लाई होने का दावा किया जा रहा है इस बीच यूरिया की कालाबाजारी का सिलसिला भी जारी है। ऐसे में जिले में शासन के निर्देश पर संयुक्त संचालक कृषि सरगुजा संभाग यशवंत केराम, कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि अंबिकापुर पिताम्बर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में जिले के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 40 बोरी से अधिक यूरिया लेने वाले कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जांच के दौरान सुमित अग्रवाल के विजय ट्रेडिंग कम्पनी की जांच की गई। उर्वरक निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं अन्य निरीक्षकों द्वारा टॉप 20 खरीदारों के सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अम्बिकापुर स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 सहित उर्वरक मूवमेंट नियंत्रण आदेश 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। कृषकों के बयान एवं निरीक्षकों की अनुशंसा के आधार पर उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) पिताम्बर सिंह दीवान ने कम्पनी की खुदरा उर्वरक विक्रय अनुज्ञप्ति क्रमांक बी/आर-249, 2 मई 2022, वैधता तिथि 31 मार्च 2027 को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया। लाइसेंस निलंबन के बाद कृषि विभाग की टीम ने कम्पनी के दुकान एवं गोदाम में उपलब्ध सभी उर्वरकों पर विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए जब्ती की कार्रवाई की इसके साथ ही संचालक सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया।



कार्रवाई करते अधिकारी।

## गाज की चपेट में आकर खेत मे काम कर रहे किसान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- घंटों खेत में पड़ा रहा शव

खेत मे काम कर रहे किसान को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद किसान का शव लगभग 12 घंटे तक खेत मे पड़ा रहा। ग्रामीण के घर नहीं लौटने पर खोजबीन में निकलने परिजन ने 2 बजे रात को खेत में शव देखा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम चिड़ापारा भेलतराई निवासी 40 वर्षीय तुलसी तिर्की आ. धरम तिर्की शुक्रवार को दोपहर 2 बजे करीब अपने खेत मे काम करने की बात कह घर से निकला था। रात 10 बजे तक किसान जब घर नही पहुंचा तो परिजन को उसकी चिंता होने लगी। परिजन व ग्रामीणों ने तुलसी तिर्की के जान पहचान वालों के घर खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

इस बीच शंका के आधार पर रात लगभग 1 बजे जब परिजन खेत पहुंचे तो किसान मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक का शरीर झुलसा हुआ था ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि शाम के समय गरज चमक के साथ हुई बारिश के दौरान तुलसी तिर्की गाज की चपेट में आ गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उसका शव खेत में ही पड़ा रहा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद शनिवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत के अवसर विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कटघोरा।** नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कटघोरा ब्लड सेंटर के तत्वाधान में अधिवक्ता संघ कटघोरा के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायालय में आयोजित किया गया। जिस अवसर पर विशेष रूप से श्रीमती मधु तिवारी एडीजे प्रथम कटघोरा, शीलू सिंह एडीजे द्वितीय कटघोरा, हेमंत रात्रे एडीजे तृतीय कटघोरा लोकेश पाटले, सिद्धार्थ सोनी, कु रंजू वैष्णव न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश पाल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कटघोरा तथा संजय जायसवाल अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता अन्य अधिवक्तागणअन्य उपस्थित रहें।

### मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : महावीर

**गेवरा दीपका।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में



श्रमिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के महासचिव महावीर यादव ने शुक्रवार को प्रबंधन को पत्र लिखकर खदान परिसर में व्याप्त कथित अनियमितताओं पर विरोध जताया। पत्र में उल्लेख किया कि ठेका कंपनियों के कर्मचारियों को अब तक न तो बीटीसी दिया गया है, न ही बी-फार्म भरवाया गया है और न ही कंपनी का पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया है। यही नहीं, खदान क्षेत्र में सुरक्षा उपकरणों हेलमेट, सेफ्टी शूज़ और मास्क की भारी कमी बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से मजदूरों की जान जोखिम में पड़ रही है। यादव ने मांग रखी कि प्रबंधन सभी ठेका कंपनियों का निरीक्षण कर तत्काल श्रमिकों को प्रशिक्षण, पहचान पत्र और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। जेसीपी महासचिव ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है तो संगठन मजदूरों के साथ मिलकर खदान बंद आंदोलन शुरू करेगा।

### नवीन महाविद्यालय में मनाया गया रजत जयंती समारोह



**उमरेली।** छत्तीसगढ़ नव निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न कार्यालय महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह का आयोजन का साप्ताहिक आयोजन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष पर नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन छात्र-छात्राओं के बीच पूर्ण कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ को जानो विकसित छत्तीसगढ़, पोस्टर प्रतियोगिता, सक्षम युवा विकसित छत्तीसगढ़, जैसे विषयों पर प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता कराया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रजत जयंती समारोह के कार्यक्रम के अंतिम दिवस क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति सुखबाई कंवर, सोनाराम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि तरुण मांझी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश यादव एवं प्राचार्य अरुण कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजत जयंती समारोह की उपादेयता एवं विकसित छत्तीसगढ़ के दृष्टि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा।

### शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम आयोजित



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस कृष्णमूर्ति एवं भूतपूर्व छात्र एवं अभिभावक समिति की संयोजक श्रीमती अंजली कंवर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं जनपद पंचायत पाली के पूर्व सभापति मुकेश जायसवाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम एल्युमनाई एसोसिएशन की बैठक एवं पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं जिसमें भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं सामूहिक चर्चा हैं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. कार्तिकेश्वर दुबे, डॉ. एमके वर्मा, शिव कुमार दुबे एवं सत्य शर्मा, डॉ. अर्चना बोरकर, डॉ. अनुरमन, डॉ. रानू राठौर, डॉ. उत्सा दास गुप्ता, डॉ. कृष्ण कुमार कश्यप, गुलशन देवांगन, अभिषेक देवांगन, शिव कुमार साहू, सुश्री कीर्ति साहू, गौरव अहीर, इशु, प्रियांशु, हिमांशु, संजना राठौर, अंजली धारी, दिव्यानी साहू, हिंगलेश्वरी साहू, सुमन सोंधिया, साक्षी राठौर, रश्मि यादव, प्रतिभा पटेल, मंजू उपस्थित रहे।

## तैयार हो रहा खसरा नंबर और नक्शा

# राजस्व रिकार्ड की टोपोशीट में नजर आएंगे वनांचल गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहाड़ों और वन क्षेत्रों में बसे छोटे छोटे गांव को भी अब उनके नक्शे के साथ राजस्व रिकार्ड के टोपोशीट में पहचान मिलेगी। ऐसे ग्रामों का सर्वे का काम पूरा

**खास बात**

- स्वास्थ्य शीट पर चल रहा है राजस्व विभाग का काम

होने के बाद अब उनका स्वाक्यर शीट बनाने का काम राजस्व विभाग में चल रहा है। ऐसे ग्रामों के निवासियों को उनके जमीन के खसरे नंबर के साथ नक्शा भी मिल जाएगा।

जिले के अनसर्वेड ग्रामों के सर्वे का काम पहले से ही चल रहा था। जिसमें शहर और उसके आसपास के लगे ग्रामों को पहले चरण के सर्वे में शामिल किया गया और उनके राजस्व रिकार्ड तैयार करने के बाद उनके नक्शे का अंतिम प्रकाश किया गया और अब वे अनसर्वेड गांव सर्वेड गांव की श्रेणी में आ गए हैं। इसी तर्ज पर अब जिले के दूरस्थ वनांचल और पहाड़ों में बसे ग्रामों को भी शामिल किया जा रहा है। ताकि उनके जमीनों के खसरे के साथ नक्शे भी तैयार किए जा सके। इसके लिए राजस्व विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा गर्मी के मौसम में पहाड़ी और वनो से अच्छादित जगहों में बसे छोटे छोटे गांव में जाकर सर्वे किया और एक एक चीज का रिकार्ड तैयार किया गया जिसमें निजी जमीन, राजस्व जमीन, वन भूमि, काला जंगल की जमीन, बड़े झाड़ के जमीन, नजूल भूमि के साथ नदी, नाले, तालाब, जंगल एवं पड़त भूमि की जानकारी लेकर रिकार्ड तैयार किया गया है। ऐसे ग्रामों को सूचीबद्ध करते हुए उनके नक्शों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। अब दावा आपत्ति के निराकरण के बाद इन ग्रामों की स्वाक्यर शीट तैयार की जा रही है। जिसे प्रकाशन के लिए राजस्व मंडल रायपुर भेजा जाएगा और वहां से एनआईसी में भेजकर इसे टोपोशीट में दर्ज कर इन दूरस्थ वनांचल पहाड़ी ग्रामों का नक्शा तैयार होने से यहां के निवासी जमीन के भूस्वामी हो जाएंगे।


फाइल फोटो

**संचालन में होगी सहुलियत**

राजस्व रिकार्ड तैयार होने के बाद पहाड़ों और वनों में बसे ग्रामों के निवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की सुविधा मिलेगी। वहीं प्रशासकीय अमले को योजनाओं के संचालन में बड़ी सहुलियत मिल जाएगी। वर्तमान में अधिकांश वन भूमि और सरकारी भूमि में ग्रामीण खेती कर रहे हैं। जिनके रिकार्ड नहीं होने से उन्हें कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। टोपाशीट में आने के बाद ऐसे ग्रामों को उनकी पहचान मिलेगी और शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

# बाढ़ की चपेट में आकर मुक्ति-धाम का आधा हिस्सा बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ दिन पूर्व अहिरन नदी में बाढ़ आने के कारण मालदा घाट स्थित मुक्तिधाम का अधिकांश हिस्सा बह गया है। जिसके कारण अब अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना

**खास बात**

- पिचिंग कार्य नहीं होने से अंतिम संस्कार में होगी परेशानी

करना पड़ेगा। पुरानी बस्ती मुक्ति धाम में लगभग तीन वार्ड के लोग अंतिम संस्कार करने ले लिए जाते हैं। यदि मुक्तिधाम के किनारे को बचाने के लिए पिचिंग नहीं किया जाएगा, तो अंतिम संस्कार करने में परेशानी होगी। पंचिंग कार्य नहीं हुआ तो निश्चित ही मुक्तिधाम के शेड का अंतिम संस्कार हो जाएगा और बाढ़ में विलीन हो जाएगा। सबसे पुराना मुक्तिधाम पानी की चपेट में आकर आधा बह चुका है। फिर वैसी बरसात होगी तो निश्चित ही मुक्तिधाम पूरा बह जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री जायसवाल के कार्यकाल में मालदा घाट मुक्ति धाम के नदी किनारे 8 लाख रुपए में 2007-08 में पिचिंग कार्य हुआ था। उसके बाद आज दिनांक तक किसी प्रकार का पिचिंग कार्य नहीं हुआ है। अब यह देखना है कि नगर पालिका मुक्तिधाम में कब तक सुधार कार्य करती है। पुरानी बस्ती निवासी अमित जायसवाल समाजसेवी ने कहा कि यदि मुक्तिधाम की समस्या का समय रहते हल नहीं किया जाएगा तो भविष्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वार्ड क्रमांक 10 पुरानी बस्ती पार्षद सुनीता आशीष जायसवाल ने कहा कि मुक्तिधाम अहिरन नदी किनारे काफी वर्षों से बना हुआ है। अब नदी के पानी के कटाव से धीरे-धीरे मुक्तिधाम छोटा होता जा रहा है। इसे बचाने के लिए नगर पालिका फंड से पिचिंग कार्य किया जाए अन्यथा अंतिम संस्कार में परेशानी बढ़ जाएगी।

# शुभम, ममता, शिखा, सौरव ने मारी बाजी



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा कटघोरा के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती अग्रसेन जी की जयंती को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाना है। कार्यक्रम को भी रोचक करने के लिए जयंती के पूर्व अग्रवाल सभा के नेतृत्व में अग्रवाल महिला मंडल व नवयुवक मंडल के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है आज जो प्रतियोगिता आयोजित की गई उनमें गिलास गिराओ,फन विथ बाल,बाधा दौड़,व मोमबत्ती जलाओ,प्रमुख रहा सभी आयोजनों में समाज के सभी वर्ग के अगरबन्धु बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं यह सभी आयोजन अग्रसेन भवन कटघोरा में ही आयोजित की जाती है सर्वप्रथम गिलास गिराओ में 45 लोगो ने भाग लिया जिसमे सभी ने अपने जोर आजमाते हुए शुभम अग्रवाल प्रथम व आरव अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही फन विथ बाल में ममता अग्रवाल प्रथम व ज्योति अग्रवाल द्वितीय रही बाधा दौड़ में शिखा गोयल प्रथम व शिखा अग्रवाल द्वितीय रही अगली प्रतियोगिता मोमबत्ती जलाओ जिसमे करीब 60 लोगों के द्वारा क्रमवार मोमबत्ती जलाई गई यह प्रतियोगिता पुरुष वर्ग व महिला वर्ग दोनो के लिए कॉमन रखी गई थी जिसमें सौरव अग्रवाल प्रथम व दीपिका गर्ग द्वितीय रही सभी आयोजन काफी रोमांचिक होता है प्रतिदिन होने वाले आयोजनों में आने वाले सभी विजेताओं को 22 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मंच से पुरस्कृत किया जाएगा।

# गांव में खुलेगा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के 30 चयनित गांवों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण योजना को गति देने के लिए 15 सितंबर को जिला पंचायत में एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाना और सरकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना है।

अब गाँव के लोगों को छोटी-छोटी ऑनलाइन सेवाओं और सरकारी कामों के लिए शहर की ओर नहीं भागना पड़ेगा। प्रशासन ने जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत 30 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह कदम ग्रामीण जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है, जिससे विकास की मुख्यधारा सीधे गाँवों के दरवाज़े तक पहुँचेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेज़ी से काम शुरू हो गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आधिकारिक पत्र जारी किया है। इस पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है कि योजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), उप-अभियंता, और संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की जा सके।




**डिजिटल साक्षरता और शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा**

गांव के युवाओं और महिलाओं को कंप्यूटर और इंटरनेट का प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। अब ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, फॉर्म भरने, या किसी जानकारी के लिए तहसील या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे और लोग टेलीमेडिसिन जैसी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ सकेंगे।

**इन गांवों को मिलेगी सुविधा**

जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा उन 30 ग्राम पंचायतों की सूची भी जारी कर दी गई है जहां इन केंद्रों का निर्माण किया जाना है। इस सूची में कोरकोमा, अमलडीहा, दोंदरो, रजगामार, तिलकेजा, उरगा, धनगांव, कुदुरमाल, बेला, भूलसीडीह, गढ़उपरोड़ा, उरगा और जामबहार जैसे कई गांव शामिल हैं। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इन केंद्रों के बनने से उनके जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव आएगा।

# शराब दुकान खोलने के खिलाफ भाजपा मंडल ने सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते कोसाबाड़ी मंडल के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 35 खरमोरा में आबकारी विभाग द्वारा देशी शराब दुकान खोलने की योजना के खिलाफ कोसाबाड़ी मंडल ने विरोध प्रदर्शन किया। मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर के नेतृत्व में पार्षद अजय गोंड, चंद्रलोक सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मण्डल उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, पवन सिन्हा, गिरधारी साहू, संजय बरेट सहित दर्जनों जागरूक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आबकारी अधिकारियों को स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन सौंपा। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित स्थान पर देशी शराब दुकान खुलने से सामाजिक व्यवस्था बाधित होगी। आसपास के मंदिर, स्कूल, सार्वजनिक स्थल एवं निवास क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। डॉ. राजेश राठौर ने कहा कि यह कदम क्षेत्रवासियों की सुरक्षा, सामाजिक शांति व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। यदि हमारी मांग को त्वरित रूप से नहीं माना गया तो हम सशक्त आंदोलन व प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त कर इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे और अपने समर्थन का जिक्र किया। कोसाबाड़ी मंडल का यह आंदोलन न केवल जनहित की आवाज़ है, बल्कि समाज के समक्ष चेतावनी भी है कि अवैज्ञानिक निर्णयों के विरुद्ध संघर्ष को नकारा नहीं जा सकता। आगामी दिनों में यदि समाधान नहीं हुआ तो मंडल व्यापक स्तर पर आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय ले चुका है।

# कटघोरा में 67 हाथियों के झुंड ने तोड़ा मकान परिवार ने कमरे में छिपकर बचाई जान


क्षतिग्रस्त मकान। जंगल में विचरण करता हाथियों का झुंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। वन मंडल कटघोरा में 67 हाथी अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहे हैं। इनमें से 66 हाथी

**खास बात**

- झुंड में 4 दिन का नन्हा शावक भी शामिल

शुक्रवार को केंदई रेंज में देखे, झुंड में नन्हें शावक भी शामिल हैं। 9 सितंबर को केंदई के सखोदा परिसर में 26 हाथियों के झुंड में एक नए शावक ने जन्म लिया है। वहीं हाथियों ने गयामाड़ा गांव में अमृतलाल मंझवार के कच्चे मकान को तोड़ दिया। इस दौरान परिवार के लोगों ने एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार परिवार घर में सो रहा था। हाथियों की आहट सुनकर वे एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। हाथी काफी देर तक आसपास घूमते रहे और घर में रखे धान को भी चट कर गए। पसान रेंज में एक दंतैल हाथी सड़क किनारे धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा था। सूरजपुर से पिछले हफ्ते 12 हाथियों का झुंड पहुंचा था। हाथियों का दूसरा झुंड लालपुर और कोरबी क्षेत्र में भी देखा गया है। ग्रामीण पिछले कई दिनों से रात भर रतजग्गा अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। हाथियों के डर से ग्रामीण न तो सो पा रहे हैं और न ही अपने खेत जा पा रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## शपथ पत्र

मैं धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल उम्र 49 वर्ष पिता ओम प्रकाश अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नं.-7 अम्बिकापुर रोड कटघोरा तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) आ.नं.-4497 3965 3670 का हूँ जो वि शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ तथा आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल दर्ज है।

2. यह कि मेरा पुत्र कान्हा अग्रवाल जो कि डी.पी.एस. स्कूल एन.टी.पी.सी. जमनीपाली में कक्षा 9वीं का छात्र है उसके स्कूल संबंधी सर्टिफिकेट में कान्हा अग्रवाल पिता धर्मेन्द्र अग्रवाल दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम कान्हा अग्रवाल पिता धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल होना चाहिए जिसे सुधार किये जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

3. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने पुत्र कान्हा अग्रवाल पिता धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल के नाम सही दर्ज करने हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु मेरे द्वारा निष्पादित किया गया है।

**धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल**
**शपथकर्ता**

# ग्रामीणों ने श्मशान घाट को अवैध कब्जा मुक्त कराने कलेक्टर और एसपी से लगाई गुहार


पुलिस से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर बुंदेली के ग्रामीण जनों ने कलेक्टर और एसपी को एक ज्ञापन सौंपा है ग्रामीणों ने श्मशान घाट को अवैध तरीके से गांव के एक व्यक्ति से कब्जा से मुक्त कराने गुहार लगाया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत बुन्देली में स्थित सनकरथी मंझवार समाज के सामाजिक श्मशान घाट कई पिढ़ियों से बना हुआ है, जिसमें ग्राम के ही श्यामलाल कश्यप के द्वारा अवैध कब्जा कर बाडी का निर्माण किया जा रहा है और जो आने जाने का रास्ता बना हुआ है उसे फेसिंग तार से घेर दिया गया है। आने वाले समय में मंझवार समाज के किसी भी व्यक्ति की अचानक मृत्यू होने पर उन्हें श्मशान घाट तक शव को ले जाने में बहुत परेशानी होगा। इस समस्या को लेकर गांव में आपसी बातचीत किया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति के द्वारा उल्टा मंझवार समाज के व्यक्ति को अभद्र गाली गलौच एवं मारपीट किया जा रहा है। श्यामलाल के द्वारा श्मशान घाट को घेर देने से मंझवार समाज के सभी व्यक्तियों के समाजिक एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त श्मशान घाट व उसके रास्त को जोकि बाउण्ड्रीवाल से घेरा जा रहा है उसे तुरंत कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही करें अन्यथा आने वाले समय में होने वाली किसी घटना के लिये शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### वैकल्पिक रोजगार की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**कोरबा।** खदान प्रभावित बिंझरी, खुसरुडीह, जूनाडीह, बेलटिकरी, दीपका, ढुरेना, विजयनगर के भूविस्थापितों के लिए वैकल्पिक रोजगार की मांग की गई है। कोयलाधानी भूविस्थापित किसान संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष व कोयला मजदूर पंचायत के केन्द्रीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र पाल सिंह तंवर के नेतृत्व में ग्रामीणों को पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड नामक आउट सोर्सिंग कंपनी में वैकल्पिक रोजगार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी, महाप्रबंधक संचालन नरेंद्र साहू, महाप्रबंधक मानव संसाधन अजय बेहरा व महाप्रबंधक भू राजस्व धीरज चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए भूविस्थापितों की समस्याओं से अवगत कराया गया। श्री तंवर ने कहा कि सभी भू विस्थापितों को गेवरा में आई हुई आउट सोर्सिंग कंपनी में रोजगार से जोड़ा जाए। पूर्व के जो भूविस्थापित हैं उन्हें तत्काल भूविस्थापित प्रमाण पत्र जारी किया जाए। श्री तंवर ने बताया कि गेवरा प्रबंधन ने जल्द ही बैठक कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 932953742

## खबर संक्षेप

### अखंड ज्योति लाने आज कामाख्या रवाना होंगे श्रद्धालु

**कोरबा।** जिले के ग्राम देवपुरी में निर्माणाधीन सप्त सरोवर और हिंगलाजगढ़ में देश के पांच शक्तिपीठों की अखंड ज्योत आश्रय नवरात्र के प्रथम दिवस प्रज्वलित की जानी है। गतिविधि के अंतर्गत श्रद्धालुओं का एक समूह मां कामाख्या देवी गुवाहाटी असम के लिए 14 सितंबर को दोपहर कोरबा से रवाना होगा। इस समूह में देवेंदर द्विवेदी व संतोष यादव शामिल है। कोरबा से औरंगाबाद गया पटना सिलीगुड़ी होते हुए यह समूह गुवाहाटी पहुंचेगा। ज्योति प्राप्त करने के साथ समूह 17 सितंबर से कोरबा के लिए प्रस्थान करेगा। बताया गया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कालिका देवी पावागढ़ गुजरात के लिए 15 सितंबर को कोरबा से जाने वाले समूह में किशोर पटेल, दिनेश पटेल और प्रकाश पटेल शामिल है। कोरबा से इंदौर होते हुए यह पावागढ़ पहुंचेंगे। श्री वैष्णो देवी कटरा के लिए 15 सितंबर को तुषार मोदी और प्रथम अग्रवाल रवाना होंगे। मध्य क्षेत्र के अंतर्गत मैहर मध्य प्रदेश में स्थित शक्तिपीठ मां शारदा देवी की अखंड ज्योत लाने वाला समूह सड़क मार्ग से 17 सितंबर को प्रस्थान करेगा। इनमें डॉक्टर राजीव गुप्ता, अखिलेश मणि त्रिपाठी, मनोज मित्तल, सुमित अग्रवाल और अनिल शर्मा शामिल है। सभी यात्राओं की वापसी के बाद निर्धारित कार्यक्रम तय होंगे और फिर अखंड ज्योति देव्पहरी पहुंचेंगे।

### जेसीआई ने अशोक वाटिका में रस्साकशी व योग का किया आयोजन

**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने जेसी सप्ताह के तृतीय दिवस में सर्वजनों के लिए अशोक वाटिका में टग ऑफ वार व योगा चैलेंज नाम से कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें रस्साकशी खेल व सूर्य नमस्कार, वृक्षासन सहित विभिन्न योग-आसानों की प्रतियोगिता करवाई गई। अशोक वाटिका में उपस्थित मोर्निंग वाक ग्रुप सहित लगभग 50 लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों में जुड़ाव बना रहता है। रस्साकशी प्रतियोगिता के विजेता चैम्बर अध्यक्ष योगेश जैन व उनकी टीम रही। वहीं योग चुनौती के विजेता मुकेश गोयल, दीपक केंवट, श्यामलाल साहू, नवीन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल व जेसी हर्ष गुप्ता रहे। विजेताओं को जेसीआई ने पुरस्कृत किया। डिंगापुर स्थित उमंग दिव्यांग स्कूल में बच्चों को जुंबा, स्वास्थ-जांच शिविर व इंडोर खेल का आयोजन कराया गया। संस्था के सचिव सीए अंकित अग्रवाल ने बताया कि जेसीआई ने डॉ. सरफराज खान, डॉ. ज्योतिबाला, डॉ निलेश भट्ट, डॉ चंदा सेठिया सहित शहर के मशहूर चिकित्सकों की टीम की मदद से स्कूल के सभी बच्चों का स्वास्थ-जांच करवाया। डॉ ज्योतिबाला द्वारा संचालित चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर की टीम की मदद से सभी बच्चों को जुंबा डांस कराया गया। अंत में कुर्सी-दौड़, लूडो, कैरम, आदि खेल खिलाए गए। कार्यक्रम के दौरान जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष राज अग्रवाल, आनंद रैकवार, आनंद अग्रवाल, अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक डॉ. ज्योतिबाला, सचिव सीए अंकित अग्रवाल, उपाध्यक्ष आयुष अग्रवाल, कपिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सीए त्रिलोकीनाथ बजाज, जेसीरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल, मोरध्वज गर्ग सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों के लिए की जा रही आवासीय व्यवस्था

# अजगरबहार तहसील मुख्यालय में बनेंगे विभागों के सरकारी आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर अजगरबहार को तहसील का दर्जा दिये जाने के बाद अब उसे तहसील मुख्यालय के रुप में तैयार किए जाने का कार्य चल रहा है। शासकीय कर्मचारियों के लिए स्थायी आवास बनाए जाने की योजना पर

**खास बात**

- स्वास्थ्य विभाग के आवास का हो रहा निर्माण

कार्य शुरु कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए दो मंजीला मकान का निर्माण डीएमएफ से किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य विभागों के कर्मचारियों के आवास तैयार किए जाएंगे।

अजगरबहार को 12 हल्का मिलाकर पिछली सरकार ने तहसील का दर्जा दिया था और उसके बाद से अजगरबहार को तहसील मुख्यालय के रुप में अपडेट करने की दिशा पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य शुरु किया गया। तहसील कार्यालय के लिए सरकारी जमीन की तलाश कर उसपर भी काम शुरु हो गया है। एक वर्ष के अंदर ही अजगरबहार को उसका अपना तहसील कार्यालय मिल जाएगा। वहीं वहां पदस्थ कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था डीएमएफ की राशि से आवासीय परिसरों का निर्माण होगा। वर्तमान में अजगरबहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के लिए दो मंजिला मकान का निर्माण किया जा रहा है। विभाग के द्वारा तैयार लेआउट में नीचे दो परिवार निवास करेंगे और उपरी तल पर तीन परिवार के निवास करने हेतु आवास बनेंगे। इसके पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में ही कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त आवास का निर्माण किया जा चुका है। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के अलावा सबसे ज्यादा जरुरत शिक्षकीय आवास की है, जो यहां उपलब्ध नहीं है। डीएमएफ से राशि इसके लिए भी स्वीकृत की जा रही है। ताकि कर्मचारियों को आवास की व्यवस्था तहसील मुख्यालय में उपलब्ध हो सके।


फाइल फोटो

**तहसील मुख्यालय बनने से ग्रामीणों को मिली सुविधा**

अजगरबहार को तहसील मुख्यालय बनाए जाने के बाद सतरेंगा, कटरा, देवपहरी सहित आसपास के 50 से 60 ग्रामों के लोगों को एक बड़ी सुविधा मिल गई है। इन ग्रामों के निवासियों को अपने अपने छोटे कार्यों के लिए तहसील मुख्यालय आना पड़ता था। जमीन संबंधी एवं अन्य शासकीय दस्तावेज बनाने के लिए इन्हें तहसील मुख्यालय कोरबा में चक्कर काटने पड़ते थे। अजगरबहार को तहसील बनाये जाने से जमीन संबंधी आवश्यक दस्तावेज एवं जाति निवासी आमदानी प्रमाण पत्र जो छात्रों के लिए आवश्यक दस्तावेज के रुप में पहचाने जाते हैं उनके बनाए जाने की सुविधा भी अजगरबहार तहसील में ही मिल जाने से छात्रों को 30किमी दूर कोरबा तहसील नहीं आना पड़ता।

**हाई स्कूल भी होगा अपडेट**

अजगरबहार तहसील मुख्यालय बनने के बाद वहां सबसे पुराने हाई स्कूल को भी नए भवन की दरकार बनी हुई है। शासन के द्वारा हाल ही में प्राचार्य के पद पर पदस्थ की गई श्रीमती अनुपमा राजवाड़े ने प्राचार्य पद का प्रभार संभालने के बाद हाई स्कूल का जर्जर भवन की जगह नया भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए पहल शुरु कर दी है। एक पेड़ मां के नाम आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे रामपुर विधानसभा के विधायक फूलसिंह राठिया के समक्ष उन्होंने स्कूल की समस्या को रखते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराए जाने की मांग की है। अजगरबहार हाई स्कूल में कछार, कोड़ियाघाट, चुईया, औराकछार, गढउपरोड़ा, गढ़कटरा, माखूरपानी, आंछिमार जैसे ग्रामों के छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। शिक्षकों की आवास नहीं होने के कारण अजगरबहार सहित आसपास के सभी स्कूलों में पदस्थ जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से आना जाना करते हैं। हालांकि कुछ शिक्षकों ने अस्थायी निवास भी पदस्थ वाले ग्रामों में बनाया है। किंतु उन्हें सरकारी आवास की दरकार बनी हुई है।

# उजड़ गई कॉलोनी, पर आस्था कायम है शनिदेव पर


सीएसईबी स्थित शनिदेव मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी ने कोरबा ईस्ट की अपनी कॉलोनी के 4 सौ से ज्यादा आवासों को सुरक्षा कारणों से ध्वस्त कर दिया है। एक तरह से अब यह कॉलोनी उजड़ गई है। इसके बावजूद कॉलोनी के बीच स्थित भगवान शनि के मंदिर में अभी भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति हो रही है। इससे वातावरण बोझिल होने से बच सका है।

कोरबा ईस्ट में बिजली उत्पादन कंपनी की कॉलोनी पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के समय से है। छत्तीसगढ़ गठन के बाद कॉलोनी का नाम बदला लेकिन कर्मचारियों की संख्या कम हो गई।। कुछ यहां रह गए, कुछ रिटायर्ड हो गए और कुछ अपने मूल स्थान को चले गए। ऐसी स्थिति में बिजली कंपनी की कॉलोनी में कर्मचारियों के हिसाब से आवासों की उपयोगिता में गिरावट आई लेकिन लंबे समय से आपात्र लोगों ने आवासों पर जबरिया कब्जा कर लिया। यह लोग फ्री में रहने की सुविधा के साथ-साथ कंपनी का पानी ले रहे थे और बिजली भी। इसके कारण कंपनी को हर महीने लाखों का नुकसान हो रहा था। समय के साथ इन आवासों में टूट फूट की समस्याएं जिसके बाद एक निर्णय के तहत उसने सुरक्षा कारण का हवाला दिया और आदेश जारी करते हुए धीरे-धीरे लोगों को यहां से निकाला और फिर डिस्मेंटल की कार्रवाई कर दी। विद्युत मंडल कॉलोनी के रहने के समय कुछ लोगों ने मिलकर यहां पर शनि मंदिर का निर्माण कराया। खास तौर पर प्रत्येक शनिवार और अमावस्या के अलावा वर्ष में शनि जयंती को कार्यक्रम किए जाते रहे। लेकिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति हर दिन यहां पर होती रही। धार्मिक कारण से लोगों का जुड़ाव सूर्यपुत्र शनि के प्रति कुछ ज्यादा ही है। भले ही सीएसईबी प्रबंधन कॉलोनी को उजाड़ दिया है लेकिन मंदिर अभी भी अपने मूल स्वरूप में मौजूद है और श्रद्धालुओं का आना जाना जारी है। इस बारे में ऐसा माना जा रहा है कि किसी विशेष प्रभाव से मंदिर अब तक अस्तित्व बचाए हुए हैं या फिर सीएसईबी के अधिकारी अपना सिर दर्द नहीं बढ़ने के लिए यहां पर छेड़छाड़ करने से खुद को बचाए हुए हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

# पारिवारिक विवाद के बाद किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पत्नी से विवाद के बाद किसान ने आत्महत्या कर ली। 55 वर्षीय हरियल राम सोनवानी का शव खेत में पेड़ पर लटकता मिला है, उसने गमछे से फांसी लगाई है। घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा की है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह खेत में काम कर रहे एक किसान की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी। उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों को खबर दी गई। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के अनुसार, शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, हरियल राम और उनकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वे गुस्से में खेत की ओर चले गया था। उसने अपनी गमछे से फांसी लगाई। हरियल राम के चार बेटे हैं और परिवार खेती-किसानी से जुड़ा है। घटना से परिजन सदमे में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हरियल सामान्य दिनों में खेती का काम करता था, लेकिन कुछ दिनों से तनाव में दिख रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# खाई में गिरी कार, वाहन सवार चारों सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर में सुबह लगभग 6 बजे बालको मुख्य मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा घटित हुआ। बलौदा जिले के एक परिवार घूमने के लिए कॉफी प्वाइंट आया हुआ था। वापसी के दौरान उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में कुल चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि वाहन को भारी क्षति पहुंची है। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। इसके बाद घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई।

# दंपती पर गिरी गाज, पति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरता में खेत में काम कर रहे दंपती पर आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 5 महीने की गर्भवती पत्नी घायल हो गई है।

बताया जा रहा है बिजली गिरने के बाद पत्नी करीब एक घंटे तक महिला बेहोश रहीं। होश आने पर उन्होंने ससुर को फोन कर घटना की जानकारी दी। ग्रामीण ने दंपत्ति को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत पति को मृत घोषित कर दिया, वहीं उत्नी कीर्ति का इलाज जारी है। दोनों की शादी को एक ही साल हुआ था। प्रवीण कुमार मरावी 24 वर्ष और पत्नी कीर्ति मरावी 22 वर्ष दोनों उतरता गांव के लौतना पारा के रहने वाले है। खेत में काम के दौरान दोपहर के समय अचानक मौसम बदला और तेज गरज के साथ बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान आकाशीय बिजली उन पर गिर गई, जिससे प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

PATH park your brain for an epitome
Vidya Bhawan Society, Udaipur
vedanta transforming for good | balco
बालको कनेक्ट कोचिंग प्रोग्राम
निःशुल्क
CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग
भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको)
सामुदायिक विकास के अंतर्गत
जल्दी करें, अभी पंजीकरण करें
अंतिम तिथि बढ़ाई गई
18 सितम्बर 2025 | दोपहर 2:00 बजे तक
आवेदन का आख़िरी मौका!
सपनों को दिशा,
सफलता की तैयारी
कोरबा के युवाओं के लिए
सुनहरा अवसर



Key Program Highlights
• PATH IAS Academy द्वारा CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग की निःशुल्क पुस्तकें व अध्ययन सामग्री
• सुसज्जित लाइब्रेरी की सुविधा
• ग्रुप डिस्कशन एवं मॉक टेस्ट
• राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज में भागीदारी
• लिखित परीक्षा हेतु विशेष अभ्यास
• निःशुल्क PATH IAS Academy की टेस्ट सीरीज़ एवं सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा क्लास
• मोटिवेशनल सत्र एवं मेंटरिंग सुविधा
• साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट
• सभी कक्षाएं ऑफलाइन + ऑनलाइन क्लासेस एवं डिजिटल बोर्ड, इंटरनेट तथा एसी युक्त
• साक्षात्कार हेतु मॉक इंटरव्यू का अभ्यास
नई समयसीमा वाले फॉर्म्स के लिए नया QR स्कैन करें
पंजीकरण शीघ्र करें!
अंतिम तिथि: 18 सितंबर 2025 | प्रवेश परीक्षा तिथि: 21 सितंबर 2025
परीक्षा केंद्र एवं समय संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड में प्रदान की जाएगी।
अधिक जानकारी के लिए कॉल | व्हाट्सप करें
+91-8224922922 | +91-7509143143 | www.pathiasacademy.com
छत्तीसगढ़ सरकार की शैक्षिक दृष्टि के अनुरूप, बालको, विद्या भवन सोसाइटी एवं पाथ आईएएस के सहयोग से संचालित